प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 18.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात साढ़े आठ बजे राष्ट्र को करेंगे संबोधित, महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक गिरने के एक दिन बाद हो रहा है संबोधन।
2. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि को दी मंजूरी, लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को मिलेगा लाभ।
3. जेपीएससी की संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल, राज्यभर के केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू, रांची में बनाये गये हैं छियानबे परीक्षा केंद्र।
4. रांची समेत राज्यभर में भीषण गर्मी जारी, मौसम विभाग ने पलामू, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम समेत 8 जिलों में लू को लेकर जारी किया अलर्ट, 42 डिग्री पहुंचा डाल्टनगंज का पारा।

और

5. रांची के खेलगांव में झारखंड स्टेट मिक्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप कल, राज्यभर के दो सौ खिलाड़ी होंगे शामिल।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक गिर जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री यह संबोधन कर रहे हैं। विपक्षी दलों द्वारा समर्थन नहीं मिलने के कारण महिला आरक्षण विधेयक दो तिहाई बहुमत पाने में असफल रहा। इस कारण लोकसभा में इसे पारित नहीं करवाया जा सका। परिसीमन के माध्यम से महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने से जुड़ा प्रस्तावित कानून लंबी बहस के बाद पारित नहीं हो सका।

****

मंत्रिमंडल ने केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि यह इस वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगी। यह मूल वेतन या पेंशन के मौजूदा 58 प्रतिशत की दर से दो प्रतिशत अधिक है, ताकि मूल्य वृद्धि की भरपाई की जा सके।

श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–पीएमजीएसवाई–3 को मार्च 2025 के बाद मार्च 2028 तक जारी रखने की भी मंजूरी दे दी है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के काशीपुर विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा की। श्रीसोरेन ने कहा कि बंगाल के हर वर्ग के लोग टीएमसी के साथ हैं।

साउंड बाइट–हेमंत सोरेन ऑन बंगाल चुनाव–20 सेकेंड

****

रांची के मोरहाबादी स्थित दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र में आज तीसवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक हुई। इसमें संस्थान के जोन चार के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर डी वी सिंह ने कहा कि किसानों को उनके पास मौजूद संसाधनों के आधार पर उन्हें कृषि तकनीक उपलब्ध कराना वैज्ञानिकों का पहला प्रयास होना चाहिए।

****

जेपीएससी की संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल आयोजित की जाएगी। दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा के लिए राज्यभर के केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। रांची में छियानबे परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने परीक्षा केंद्रों पर सख्ती के निर्देश दिये हैं। लातेहार, गढ़वा समेत कई जिलों के उपायुक्तों ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया।

****

सिमडेगा जिले में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और कुपोषण को समाप्त करने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

****

धनबाद के केंदुआडीह कोलियरी क्षेत्र में भू–धंसान और जहरीली गैसों के रिसाव से प्रभावितों को राहत और कानूनी सहायता देने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण–डालसा की न्याय रथ टीम ने जायजा लिया। टीम का नेतृत्व कर रहे अवर न्यायाधीश सह सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि प्रभावित लोगों के पुनर्वास पर काम किया जा रहा है।

****

राज्य सरकार ने कई जिले के उपायुक्तों का स्थानांतरण किया है। इसी क्रम में दिलेश्वर महत्तो ने गुमला जिले के उपायुक्त के रूप में पद्भार ग्रहण किया।

लोहरदगा के उपायुक्त के रूप में संदीप कुमार मीणा ने पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के समग्र विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही।

उधर् देवघर में शशि प्रकाश सिंह, जामताड़ा में आलोक कुमार, खूंटी में सौरभ कुमार भुवानिया, पलामू में दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और हजारीबाग में हेमंत सती ने पद्भार ग्रहण कर लिया है।

****

जामताड़ा जिले में पेयजल संकट दूर करने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पेयजल संकट निवारण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। उप समाहर्ता साक्षी कुमारी ने बताया कि पेयजल समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन तत्परता से काम कर रहा है।

****

झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने राज्य के 8 जिलों में लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है। इन आठ जिलों में गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और खूंटी शामिल हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 42 दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची में अधिकतम तापमान 37 दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रहा।

****

रांची के खेलगांव स्थित बॉक्सिंग हॉल में कल दूसरी झारखंड स्टेट मिक्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य भर से करीब 200 खिलाड़ी भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह 10 बजे डीएसओ शिवेंद्र सिंह करेंगे, जबकि समापन समारोह शाम 5 बजे पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की मौजूदगी में होगा।

******समाप्त*******